दिनांक 06.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

डेंगू प्रभावित क्षेत्र वार्ड 36 गौतम नगर में स्वास्थ्य शिविर, कीटनाशक दवाई का छिड़काव, विशेष सफाई अभियान का राजस्व मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डे ने निरीक्षण किया ।

भिलाईनगर/ डेंगू प्रभावित क्षेत्र वार्ड क्रमांक 36 गौतम नगर में नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला चिकित्सालय दुर्ग, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य केन्द्र महिला एवं बाल विकास दुर्ग के संयुक्त टीम के द्वारा डेंगू नियंत्रण शिविर का आयोजन एवं विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में माननीय श्री प्रेमप्रकाश पाण्डे मंत्री छ.ग. शासन के द्वारा वार्ड में पहुँच कर शिविर का जायजा लेते हुए सफाई व्यवस्था से अवगत हुए। डेंगू बीमारी के बचाव हेतु नागरिकों से अपील करते हुए श्री पाण्डे ने कहा कि घर के कुलर में गंदा पानी का जमाव न होने दे, पानी उबाल कर पीये, घर के आसपास साफ–सफाई व्यवस्था बनाये रखे, आपके वार्डो में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। जहां शासकीय चिकित्सक के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है। उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि साफ–सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से रखें।

नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 36 गौतम नगर में आयोजत शिविर में 03 नग चलित मोबाईल वेन के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लगाकर 280 लोगों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया। मोहल्ले में 55 सफाई कर्मचारी के द्वारा सफाई की गई। निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया साथ ही वार्ड के नाली–नाला की सफाई करते हुए दवाई का छिड़काव किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु मैलाथियान दवाई का फार्गिंग मशीन के द्वारा धुँआ, कीटनाशक दवाई का छिड़काव के कार्य के साथ–साथ स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर क्लोरिन टेबेलट का वितरण करते हुए बीमारी से बचाव के उपाय हेतु अपील की गई।

निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में जोन 01,02,03,04,05 एवं 06 के विभिन्न वार्डों में नियमित साफ–सफाई कार्य के साथ–साथ रात्रि में भी सफाई कार्य किया जा रहा है। सफाई कार्य के अंतर्गत आकाश गंगा मार्केट, इंडियन कॉफी हाउस के पीछे, पत्रकार लाईन आकाश गंगा सब्जी मण्डी, सुपेला चर्च, शीतला तालाब, शारदा पारा, दुर्गा मंदिर, मराठी मोहल्ला, संत रविदास नगर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, अनाज मंडी, नंदनी रोड, शीतला काम्पलेक्स, मछली मार्केट, शंकर पारा यादव बस्ती, पॉच रास्ता, सुपेला घड़ी चौक से राजेन्द्र प्रसाद चौक जयस्तंभ के पास एवं मयूर पार्क के चारों तरफ नाल सफाई, पंजाबी मोहल्ला, ईमामबाड़ा, स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा, यादव पारा, नेवई, रुआंबाधा संतोषीपारा, सहित अन्य स्थानों पर नाला, नालियों की सफाई, फार्गिंग मशीन से धुँए, मेलाथियान दवाई का छिड़काव तथा स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर दवाई, क्लोरिन टेबेलेट का वितरण किया गया। वार्डो से निकलने वाले एकत्रित कचरे को जेसीबी एवं ट्रक के माध्यम से उठाया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी